# Entrance Test for B.Ed. Programme 2011

143248

# बी.एड. कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 2011

**Total No. of Questions = 100** — **Time : 120 Minutes**

**कुल प्रश्नों की संख्या = 100** — **समय : 120 मिनट**

The test booklet consists of two parts **'A'** & **'B'**. The total number of test items will be **100** of one mark each.

परीक्षा पुस्तिका दो भागों में विभक्त है, **'अ'** और **'ब'**। परीक्षा मदों की कुल संख्या **100** है जो प्रत्येक एक अंक का है।

| | Subject<br>विषय | No. of Questions<br>प्रश्नों की संख्या | Marks<br>अंक | Time<br>समय |
|---|---|---|---|---|
| Part A<br>भाग अ | | | | |
| Section I<br>खण्ड I | General English Comprehension<br>सामान्य हिन्दी बोध | 10 | 10 | Composite time of two hours<br>संयुक्त समय दो घंटे |
| Section II<br>खण्ड II | Logical & Analytical Reasoning<br>तार्किक एवं विश्लेषणात्मक चिन्तन | 20 | 20 | |
| Section III<br>खण्ड III | Educational & General Awareness<br>शैक्षिक एवं सामान्य चेतना | 25 | 25 | |
| Section IV<br>खण्ड IV | Teaching-Learning and the School<br>शिक्षण-अधिगम एवं विद्यालय | 25 | 25 | |
| Part B<br>भाग ब | * Subject Competence **(any one)**<br>विषयगत सक्षमता **( कोई एक )** | 20 | 20 | |
| Section V<br>खण्ड V | (i) Science<br>विज्ञान<br>(ii) Mathematics<br>गणित<br>(iii) Social Science<br>सामाजिक विज्ञान<br>(iv) English<br>अंग्रेजी<br>(v) Hindi<br>हिन्दी | | | |

***NOTE : Any one subject is to be attempted from part 'B'.**

**नोट : भाग 'ब' से कोई एक विषय करना है।**

Read the instructions given on the OMR Response Sheet carefully before you start.

शुरू करने से पहले OMR उत्तर-पत्र पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

## HOW TO FILL UP THE INFORMATION ON THE OMR RESPONSE SHEET (EXAMINATION ANSWER SHEET)

## OMR उत्तर-पत्र पर सूचना भरने के निर्देश

1. Write your complete Enrolment No. in 9 digits. Also write your correct name, address with Pin Code in the space provided. Put your signatures on the OMR Response Sheet with date. Ensure that the Invigilator in your examination hall also puts his signatures with date on the OMR Response Sheet at the space provided. You should use HB Pencil.

   अपनी पूरी नामांकन संख्या (एनरोलमेंट नम्बर) 9 अंकों में लिखिए। दिये गये स्थान में अपना सही नाम व पिन कोड सहित पता भी लिखिए। OMR उत्तर-पत्र पर तिथि सहित अपने हस्ताक्षर कीजिए। यह भी सुनिश्चित कर लीजिए कि आपके परीक्षा कक्ष के निरीक्षक ने OMR उत्तर-पत्र पर दिए गये स्थान पर तिथि सहित हस्ताक्षर कर दिये हैं। आपको HB पेंसिल का प्रयोग करना चाहिए।

2. All information is to be filled up with HB Pencil. The circles corresponding to the digit are to be darkened with an HB pencil.

   पूरी सूचना HB पेंसिल द्वारा भरी जानी चाहिए। अंकों के संगत वृत्तों को HB पेंसिल से ही काला करना है।

3. Do not make any stray remarks on this OMR Response Sheet.

   इस OMR उत्तर-पत्र पर कोई अवांछित टिप्पणियाँ या निशान नहीं लगाइए।

4. Write correct information in numerical digit in Enrolment No. and Examination Centre Code columns. The corresponding circles should be dark enough and should be filled in completely.

   नामांकन संख्या और परीक्षा केन्द्र कोड वाले कॉलमों में अंकों में सही सूचना लिखिए। संगत वृत्त पर्याप्त गहरे होने चाहिए और पूरी तरह से भरे हुए होने चाहिए।

5. Each question is followed by four (or less) probable answers, which are numbered 1, 2, 3 and 4. You should select and show only one answer to each question considered by you as the most appropriate or the correct answer. Select the most appropriate answer. Then by using HB pencil, blacken the circle bearing the correct answer number against the serial number of the question. If you find that answer to any question is none of the four alternatives given under the question you should darken the circle '0'.

प्रत्येक प्रश्न के बाद चार (या कम) संभावित उत्तर हैं, जो 1, 2, 3 तथा 4 द्वारा निरूपित किये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आपको केवल एक उत्तर चयनित करके निर्दिष्ट करना चाहिए जिसे आप सर्वाधिक उचित या सही उत्तर मानते हैं। सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए। तत्पश्चात् HB पेंसिल के प्रयोग द्वारा प्रश्न के क्रमांक के सामने सही उत्तर संख्या वाले वृत्त को काला कीजिए। यदि आप पाते हैं कि प्रश्न के नीचे दिये चार विकल्पों में से कोई भी सही उत्तर नहीं है तो आपको वृत्त '0' को काला करना चाहिए।

6. If you wish to change your answer, **ERASE** completely the already darkened circle by using a good quality eraser and then blacken the circle bearing your revised answer number. If incorrect answer is not erased completely, smudges will be left on the erased circle and the question will be read as having two answers and will be ignored for giving any credit.

   यदि आप कोई उत्तर को बदलना चाहें, तो पहले से ही काले किये वृत्त को एक अच्छी गुणवत्ता वाले रबर से पूरी तरह मिटा दीजिए और संशोधित उत्तर संख्या वाले वृत्त को काला कीजिए। यदि गलत उत्तर को पूरी तरह नहीं मिटाया गया तो मिटाये गये वृत्त में कुछ निशान रह जायेंगे और प्रश्न के दो उत्तर दिये हुऐ माने जायेंगे और अंक गिनते समय वह अस्वीकार किया जायेगा।

7. No credit will be given if more than one answer is given for one question. Therefore, you should select the most appropriate answer.

   यदि एक प्रश्न के लिये एक से अधिक उत्तर दिया जायेगा तो कोई अंक नहीं दिये जायेंगे। इसलिए आपको सर्वाधिक उचित उत्तर का चयन करना चाहिए।

8. You should not spend too much time on any one question. If you find any particular question difficult, leave it and go to the next. If you have time left after answering all the questions, you may go back to the unanswered ones.

   किसी एक प्रश्न पर अधिक समय नहीं लगाइए। यदि आपको कोई विशिष्ट प्रश्न कठिन लगता है, तो उसे छोड़कर अगले पर जाइए। पूरे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद यदि आपके पास समय है, तो आप उन प्रश्नों पर वापस जा सकते हैं जिसका आपने उत्तर नहीं दिया है।

9. **Only one subject is to be attempted from PART 'B'.**

**भाग 'ख' से केवल एक ही विषय करना है।**

You will attempt the questions as under :

आपको प्रश्न निम्नानुसार करने हैं :

| Sl. No.<br>क्रमांक | Subject<br>विषय | No. of Questions<br>प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| (i) | Science<br>विज्ञान | Q. Nos. 81 to 100<br>प्रश्न संख्या 81 से 100 |
| (ii) | Mathematics<br>गणित | Q. Nos. 101 to 120<br>प्रश्न संख्या 101 से 120 |
| (iii) | Social Science<br>सामाजिक विज्ञान | Q. Nos. 121 to 140<br>प्रश्न संख्या 121 से 140 |
| (iv) | English<br>अंग्रेजी | Q. Nos. 141 to 160<br>प्रश्न संख्या 141 से 160 |
| (v) | Hindi<br>हिन्दी | Q. Nos. 161 to 180<br>प्रश्न संख्या 161 से 180 |

## GENERAL INSTRUCTION
## सामान्य निर्देश

1. No cell phones, calculators, books, slide-rules, note-books or written notes, etc. will be allowed inside the examination hall.
परीक्षा कक्ष के अन्दर कोई सेल फोन, कैल्कुलेटर, पुस्तकें, स्लाइड-रूल, नोट-बुक या लिखित नोट इत्यादि लाने की अनुमति नहीं है।

2. You should follow the instructions given by the Centre Superintendent and by the Invigilator at the examination venue. If you violate the instructions you will be disqualified.
परीक्षा स्थल पर आपको केन्द्र अधीक्षक और निरीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना है। यदि आप उनके निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य घोषित किया जायेगा।

3. Any candidate found copying or receiving or giving assistance in the examination will be disqualified.
परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए या सहायता देते हुए या प्राप्त करते हुए पाया गया तो उसे अयोग्य घोषित किया जायेगा।

4. The Test Booklet and the **OMR** Response Sheet (Answer Sheet) would be supplied to you by the Invigilators. After the examination is over, you should hand over the **OMR** Response Sheet to the Invigilator before leaving the examination hall. Any candidate who does not return the **OMR** Response Sheet will be disqualified and the University may take further action against him/her.
आपको निरीक्षकों द्वारा परीक्षा पुस्तिका और **OMR** उत्तर-पत्र दिये जायेंगे। परीक्षा के समाप्त होने पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पहले आपको **OMR** उत्तर-पत्र निरीक्षक को सौंप देना चाहिए। जो परीक्षार्थी अपने **OMR** उत्तर-पत्र को नहीं लौटाता है, उसे अयोग्य घोषित किया जायेगा और विश्वविद्यालय उसके विरूद्ध आगे कार्यवाही करेगा।

5. All rough work is to be done on the test booklet itself and not on any other paper. Scrap paper is not permitted. For arriving at answers you may work in the margins, make some markings or underline in the test booklet itself.
सभी रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका पर ही किया जायेगा और किसी अन्य कागज पर नहीं। कागज के कोई अन्य टुकड़ों की अनुमति नहीं है। उत्तरों तक पहुँचने के लिये आपको परीक्षा पुस्तिका में मार्जिनों में काम करने, कुछ निशान लगाने या उसमें रेखांकित करने की अनुमति है।

6. The University reserves the right to cancel scores of any candidate who impersonates or uses/adopts other malpractices or uses any unfair means. The examination is conducted under uniform conditions. The University would also follow a procedure to verify the validity of scores of all examinees uniformly. If there is substantial indication that your performance is not genuine, the University may cancel your score.

विश्वविद्यालय किसी ऐसे परीक्षार्थी के प्राप्तांक निरस्त करने का अधिकार रखती है जो छद्मरूप धारण करता है या कोई अन्य दुराचार अपनाता है या प्रयोग करता है या अनुचित साधन प्रयोग करता है। परीक्षा एकसमान स्थितियों के अधीन संचालित की जा रही है। विश्वविद्यालय सभी परीक्षार्थियों के प्राप्तांकों की मान्यता एकसमान रूप से जाँचने की क्रियाविधि अपनायेगी। यदि पर्याप्त संकेत है कि आपका निष्पादन असली नहीं है, तो विश्वविद्यालय आपके प्राप्तांक निरस्त कर सकती है।

7. Candidates should bring their hall tickets duly issued by the Registrar. In the event of your qualifying the Entrance Test, this hall ticket should be enclosed with your admission form while submitting it to the University for seeking admission in B.Ed. Programme along with your testimonials and programme fee. Admission forms received without hall ticket in original will be summarily rejected.

परीक्षार्थियों को कुल सचिव द्वारा जारी किया गया हाल टिकट लाना चाहिए। यदि आप प्रवेश परीक्षा में योग्य घोषित किये जाते हैं तो बी.एड. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय में अपने प्रमाण-पत्र व प्रोग्राम शुल्क देते हुए आपको प्रवेश फॉर्म के साथ इस हाल टिकट को संलग्न करना चाहिए। जो प्रवेश फॉर्म बिना मूल हाल टिकट के प्राप्त किये जायेंगे उन्हें सरासरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

# हिन्दी बोध

को के के चार एक विकल्प चुनिये।

तथागत के अन्तिम दिनों का वर्णन 'महापरिनिर्वाण सूत्र' में हुआ है। एक दिन उनके प्रमुख शिष्य आनन्द ने उन्हें, भिक्षु संघ को अन्तिम उपदेश देने की बात कही। यह 'उपदेश' शब्द तथागत को चुभा क्योंकि बुद्ध ने कभी भी संघ का नेता बनने की कोशिश नहीं की। उन्होंने अपने शिष्यों से कभी भी कुछ नहीं छिपाया। उन्होंने आनन्द को बताया कि वे अपने शरीर को अधिक चलाने के पक्ष में नहीं है। शोकाकुल स्वर में आनन्द ने पूछा कि अब संघ के लिए क्या उचित है। गौतमबुद्ध ने आनन्द को समझाया कि अपना रास्ता स्वयं खोजो! अपना दीपक स्वयं बनो। अपनी आत्मा की शरण में जाओ, धर्म की शरण में जाओ। धर्म और विनय का उपदेश ही भक्तों का पथ-प्रदर्शन करेंगे।

वर्षाकाल की समाप्ति पर तथागत वैशाली लौट आए। लिच्छिवियों के प्रति तथागत का स्नेहभाव था, इसलिए उन्हें अपना भिक्षा-पात्र स्मृति स्वरूप दिया था। आनन्द के अनुरोध पर माँ गौतमी को तथागत ने वैशाली में भिक्षुणी संघ की स्थापना की अनुमति दी थी। विनय पिटक के कई महत्वपूर्ण सूत्र वैशाली में ही रचे गये हैं।

पावा नगरी के निकट पहुँच भिक्षु संघ को संबोधित कर बुद्ध ने समझाया कि ठीक अर्थ जानने से ही किसी महापुरुष के नीति कथन, उपदेश आदि को भली-भाँति समझा तथा ग्रहण किया जा सकता है। धर्मग्रन्थ में लिखी सूक्तियों का गलत अर्थ निकालने और उनके अनुसार चलने का मतलब है अपने पैरों पर आप कुल्हाड़ी मारना। इससे धर्म का उत्थान नहीं-पतन होता है। इसलिए धर्म का ठीक-ठीक अर्थ निकालना चाहिए। तथागत के अनुसार इस संसार में विवेकशील प्राणी वही है जो सार ग्रहण करता है। जो व्यक्ति महापुरुषों द्वारा कही बातों की गहराई तक पहुँचकर उनके द्वारा-दिखाये गये रास्ते पर चलता है वही सबसे बड़ा बुद्धिमान है। शुद्ध हृदय वाले व्यक्ति के मुख से निकले वचन सत्य और प्रामाणिक होते हैं। उनके अनुसार चलने से जीवन सफल होता है। ऐसे प्राणी के मुख से निकले वचन धर्म का रूप होते हैं। उन्हीं वचनों में विनयभाव होता है तथा उन वचनों को ही ज्ञान की संज्ञा दी जा सकती है। वही वचन गौतम बुद्ध के भी हैं?

1. तथागत को 'उपदेश' शब्द क्यों चुभा?

   (1) वे उपदेश देने में विश्वास नहीं रखते थे।

   (2) पर उपदेश में सभी कुशल बन जाते हैं पर स्वयं में कुछ नहीं होते।

   (3) शरीरक्षीण होने से वे बोलने में कष्ट का अनुभव कर रहे थे।

   (4) मनुष्य के जीवन के लिए उपदेश से बढ़कर स्वानुभूति महत्त्वपूर्ण है।

2. The significant feature of a continuum, according to the passage, revolves around :
   (1) the divisibility of the interval between any two points
   (2) an ordinary ruler's caliber for marking
   (3) its unending curve
   (4) its variety of co-ordinates

3. The purpose of this passage is to highlight the point that :
   (1) pilots and sea captains have something in common
   (2) stockmarket charts may be helpful to physicists
   (3) the fourth dimension is time
   (4) non-mathematicians are often afraid of the common place

4. According to the passage, an airline's traffic manager depends upon all the following except :
   (1) latitude and longitude (2) altitude
   (3) the time co-ordinate (4) the continuous curve in co-ordinate four

5. The underlying tone of this passage is :
   (1) persuasive (2) differential (3) candid (4) instructive

6. According to the author, if one wishes to portray a physical event in which motion plays a role, one has to :
   (1) make use of a time table (2) indicate how position changes in time
   (3) describe it graphically (4) be aware of altitude, latitude and longitude

7. The sea captain's example has been cited in order to :
   (1) help understand a two dimensional continuum
   (2) set up a logical progression
   (3) mitigate the gap between the engineer and pilot
   (4) to sustain our interest in the reading of the passage

8. 'Feeling' in the first paragraph is :
   (1) a noun (2) a verb (3) a gerund (4) an adjective

9. In the first paragraph, 'mysterious' is :
   (1) a noun (2) a verb (3) an adjective (4) none of these

10. In the first paragraph, the word 'Occult' has been used. Which of the following does not come under occult ?
   (1) Physics (2) Mathematics (3) Chemistry (4) All of these

2. 'अपना दीपक स्वयं बनो' का क्या अभिप्राय है ?

(1) अपना मार्ग स्वयं अपनी साधना से खोजना होगा।

(2) स्वयं पर भरोसा करो।

(3) आत्मा रूपी दीपक के प्रकाश में कर्तव्य का बोध होगा।

(4) बैसाखी के सहारे चलने से व्यक्ति अधिक दूर तक नहीं जा सकता।

3. वैशाली में गौतमबुद्ध के जीवन की कौन-सी घटना नहीं हुई ?

(1) विनय पिटक की रचना हुई। (2) लिच्छवियों को अपना भिक्षा-पात्र दिया।

(3) आनन्द को अन्तिम उपदेश यहीं दिया गया। (4) भिक्षुणी संघ की स्थापना की अनुमति दी।

4. स्वयं अपना पथ प्रदर्शक कैसे हुआ जा सकता है ?

(1) धर्मानुसार जीवन यापन करने से। (2) विनय भाव से जीवन चर्या चलाने से।

(3) गौतमबुद्ध की शिक्षाओं का अनुसरण करने से। (4) महापुरुषों के उपदिष्ट मार्ग का अनुशीलन करने से।

5. सच्चा ज्ञान कौन सा है ?

(1) जिससे जीवन सफल बन सके। (2) जो सत्य को प्रमाणित कर सके।

(3) धर्मग्रन्थ की सूक्तियाँ (4) शुद्ध हृदय से उद्‌भूत वचन।

6. इस संसार में विवेकशील प्राणी कौन है ?

(1) जो अपने से बड़ा किसी को नहीं मानता। (2) जिसकी बुद्धि सारग्राही है।

(3) जो प्रामाणिक महापुरुषों का अनुकरण करता है। (4) जो हर बात की गहराई तक जाता है।

7. 'अपने हाथ अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना' का क्या तात्पर्य है ?

(1) अविवेकता से कुछ का कुछ समझकर आचरण करना।

(2) अनाड़ीपने से कार्य करना।

(3) जान बूझकर अक्लमंद बनने की चेष्टा करना।

(4) अपनी बात के आगे किसी की न मानना।

8. 'प्रामाणिक' की तरह 'व्यवहार' से कौन सा विशेषण शब्द ठीक है ?

(1) व्यावहारिक (2) व्यवहारिक (3) व्यावाहारिक (4) व्यवहारिकता

9. गौतमबुद्ध के वचन धर्म संगत क्यों हैं ?

(1) ये वचन धर्म पिटक से उद्‌धृत हैं। (2) ये वचन उनके उपदेश हैं।

(3) ये शुद्ध हृदय से निकले हैं तथा सत्य युक्त हैं। (4) ये बुद्धिमत्तापूर्ण हैं।

10. निम्नलिखित में बुद्ध के जीवन से सम्बन्धित कौन सा शब्द नहीं है ?

(1) तथागत (2) गौतम (3) महापरिनिर्वाण सूत्र (4) विनय पिटक

## PART-A

## SECTION-II : LOGICAL AND ANALYTICAL REASONING

**Directions (11 - 14) :**

Each of the following two statements are followed by two conclusions. Assuming that the given statements are true, you have to decide which conclusion follows strictly from the given statements. Select your answer from the alternatives.

**11. Statement :** All boys are not students.
Some students are not employed.

**Conclusions :**

(I) - These boys are not employed.
(II) - Some employed one are not boys.

(1) Only (I) follows (2) Only (II) follows
(3) Both (I) and (II) follow (4) Neither (I) nor (II) follows

**12. Statements :** All furnitures are pens.
All pens are pencils.

**Conclusions :**

(I) Some furnitures are pencils.
(II) All pencils are furnitures.

(1) Only (I) follows (2) Only (II) follows
(3) Both (I) and (II) follow (4) Neither (I) nor (II) follows

**13. Statements :** No dog is animal.
No animal is living being.

**Conclusions :**

(I) No animal is dog.
(II) Some living beings are dogs.

(1) Only (I) follows (2) Only (II) follows
(3) Both (I) and (II) follow (4) Neither (I) nor (II) follows

**14. Statements :** No bird has wings.
All birds are rational.

**Conclusions :**

(I) Wingless beings are birds.
(II) Some rationals are birds.

(1) Only (I) follows (2) Only (II) follows
(3) Both (I) and (II) follow (4) Neither (I) nor (II) follows

## भाग - अ

## खण्ड - II : तार्किक एवं विश्लेषणात्मक बुद्धि परीक्षा

निर्देश (11 - 14) :

निम्नलिखित प्रश्नों में दो कथन हैं और उनके दो निष्कर्ष हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, आपको निर्णय करना है कि कौनसा निष्कर्ष दिए हुए कथनों से वास्तव में अनुसरण करता है। विकल्पों से अपना उत्तर चुनिए।

11. **कथन :** सभी लड़के विद्यार्थी नहीं हैं।
कुछ विद्यार्थी रोजगारशुदा नहीं हैं।

**निष्कर्ष :** (I) ये लड़के रोजगारशुदा नहीं हैं।
(II) कुछ रोजगारशुदा लड़के नहीं हैं।

(1) केवल (I) अनुसरण करता है।
(2) केवल (II) अनुसरण करता है।
(3) दोनों (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
(4) न तो (I) और न ही (II) अनुसरण करते हैं।

12. **कथन :** सभी फर्नीचर पैन हैं।
सभी पैन पैंसिलें हैं।

**निष्कर्ष :** (I) कुछ फर्नीचर पैंसिलें हैं।
(II) सभी पैंसिलें फर्नीचर हैं।

(1) केवल (I) अनुसरण करता है।
(2) केवल (II) अनुसरण करता है।
(3) दोनों (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
(4) न तो (I) और न ही (II) अनुसरण करते हैं।

13. **कथन :** कोई भी कुत्ता जानवर नहीं है।
कोई भी जानवर जीवित प्राणी नहीं है।

**निष्कर्ष :** (I) कोई भी जानवर कुत्ता नहीं है।
(II) कुछ जीवित प्राणी कुत्ते हैं।

(1) केवल (I) अनुसरण करता है।
(2) केवल (II) अनुसरण करता है।
(3) दोनों (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
(4) न तो (I) और न ही (II) अनुसरण करते हैं।

14. **कथन :** किसी भी पक्षी के पंख नहीं होते।
सभी पक्षी समझदार होते हैं।

**निष्कर्ष :** (I) पंखहीन प्राणी पक्षी होते हैं।
(II) कुछ बुद्धिमान प्राणी पक्षी होते हैं।

(1) केवल (I) अनुसरण करता है।
(2) केवल (II) अनुसरण करता है।
(3) दोनों (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
(4) न तो (I) और न ही (II) अनुसरण करते हैं।

**Directions (15 - 18) :**

In the following questions a series is being given. Select from the alternatives the correct term to fill in the missing term.

**15.** 5, 7, 10, 11, 15, 15, 20, ___?___.

(1) 22 (2) 19 (3) 20 (4) 21

**16.** $\frac{2}{\sqrt{5}}, \frac{3}{5}, \frac{4}{5\sqrt{5}}, \frac{5}{25}$, ______.

(1) $\frac{6}{25}$ (2) $\frac{7}{25}$ (3) $\frac{6}{25\sqrt{5}}$ (4) $\frac{7}{25\sqrt{5}}$

**17.** 3, 15, 39, 75, ______.

(1) 93 (2) 101 (3) 99 (4) 123

**18.** 25, 25, 27, 22, 30, 19, 34, 16, ______.

(1) 39 (2) 35 (3) 32 (4) 13

**Directions (19 - 22) :**

The following questions are based on the following diagrams. Circles (irrespectives of the size or location) represent objects. You have to identify which of the following diagrams would represent best the relationship between given terms.



(A) (B) (C) (D) (E)

**19.** Which of the above five diagrams would best represent - Musicians, Instrumentalists, Violinists ?

(1) (A) (2) (B) (3) (C) (4) (E)

**20.** Which of the above five diagrams would best represent - People, Painters, Boys ?

(1) (E) (2) (D) (3) (A) (4) (B)

**21.** Which of the above five diagrams would best represent - Mothers, Fathers and Teachers ?

(1) (A) (2) (B) (3) (D) (4) (E)

**22.** Which of the above five diagrams would best represent - Men, Women and Children ?

(1) (A) (2) (C) (3) (E) (4) None

**निर्देश (15 - 18) :**

निम्नलिखित प्रश्नों में एक शृंखला दी जा रही है। विलुप्त पद भरने के लिए सही पद विकल्पों से चुनिए।

**15.** 5, 7, 10, 11, 15, 15, 20, __?__

(1) 22 (2) 19 (3) 20 (4) 21

**16.** $\frac{2}{\sqrt{5}}, \frac{3}{5}, \frac{4}{5\sqrt{5}}, \frac{5}{25}$, ______

(1) $\frac{6}{25}$ (2) $\frac{7}{25}$ (3) $\frac{6}{25\sqrt{5}}$ (4) $\frac{7}{25\sqrt{5}}$

**17.** 3, 15, 39, 75, ______.

(1) 93 (2) 101 (3) 99 (4) 123

**18.** 25, 25, 27, 22, 30, 19, 34, 16, ______.

(1) 39 (2) 35 (3) 32 (4) 13

**निर्देश (19 - 22) :**

निम्नलिखित प्रश्न दिए गए आरेखों, वृत्तों (चाहे आकार अथवा स्थिति कुछ भी है) पर आधारित हैं जो वस्तुओं को निरूपित करते हैं। आपको यह पहचान करनी है कि निम्नलिखित में से कौनसा आरेख दिए गए शब्दों के बीच सबसे अच्छा संबंध प्रदर्शित करेगा।




**19.** उपर्युक्त पाँचों आरेखों में से कौनसा आरेख संगीतकारों, वादकों, वायलिनवादकों को निरूपित करेगा ?

(1) (A) (2) (B) (3) (C) (4) (E)

**20.** उपर्युक्त पाँचों आरेखों में से कौनसा आरेख व्यक्तियों, चित्रकारों और लड़कों को सबसे अच्छा निरूपित करेगा ?

(1) (E) (2) (D) (3) (A) (4) (B)

**21.** उपर्युक्त पाँच आरेखों में से कौनसा आरेख माओं, पिताओं और अध्यापकों को सबसे अच्छा निरूपित करेगा ?

(1) (A) (2) (B) (3) (D) (4) (E)

**22.** उपर्युक्त पाँच आरेखों में से कौनसा आरेख - पुरुषों, महिलाओं और बालकों को सबसे अच्छा निरूपित करेगा ?

(1) (A) (2) (C) (3) (E) (4) कोई नहीं

**Directions (23 - 26) :**

In the following questions, there are two sets of figures. You have to find a figure from the answer figures which can best suit the question figure series.

23. 

(1) (2) (3) (4)

24. 

(1) (2) (3) (4)

25. 

(1) (2) (3) (4)

26. 

(1) (2) (3) (4)

27. A student gets one mark for every correct answer but $\frac{1}{3}$ mark is deducted for every wrong answer he gives. In 108 questions his total score is zero. How many questions has he answered wrong ?

(1) 27 (2) 30 (3) 81 (4) 54

28. Identify the odd member of this group ?

(1) 13 (2) 61 (3) 73 (4) 69

29. In the following arrangement of numbers how many times 5 is preceded by 4 but not followed by 7 ?

4 5 7 1 2 5 4 6 4 5 4 7 5 4 5 6 5 7 4

(1) ______1 (2) ______2 (3) ______3 (4) ______4

30. If

| | | |
|---|---|---|
| SHAPE | is | BURST |
| BORE | is | XLKT |
| CLIME | is | YAPCT |

then BISHOP can be coded as :

(1) XPBULS (2) XEPLST (3) XPALUE (4) XPBVLT

**निर्देश (23 - 26) :**

निम्नलिखित प्रश्नों में आकृतियों के दो समुच्चय हैं। आपको उत्तर आकृतियों से एक ऐसी आकृति ज्ञात करनी है जो प्रश्न आकृति शृंखला के बिल्कुल उपयुक्त हो।

23. 


(1) (2) (3) (4)

24. 


(1) (2) (3) (4)

25. 


(1) (2) (3) (4)

26. 


(1) (2) (3) (4)

27. एक विद्यार्थी प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक प्राप्त करता है परंतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उसके $\frac{1}{3}$ अंक काट लिए जाते हैं। 108 प्रश्नों में, उसके कुल प्राप्तांक शून्य हैं। उसने कितने प्रश्नों के गलत उत्तर दिए।

(1) 27 (2) 30 (3) 81 (4) 54

28. इस समूह के बेमेल सदस्य (संख्या) की पहचान कीजिए।

(1) 13 (2) 61 (3) 73 (4) 69

29. संख्याओं के निम्नलिखित क्रम में 5 कितनी बार 4 से पहले आया है परंतु 7 के बाद नहीं आया है।

4 5 7 1 2 5 4 6 4 5 4 7 5 4 5 6 5 7 4

(1) ______1 (2) ______2 (3) ______3 (4) ______4

30. यदि

| | | |
|---|---|---|
| SHAPE | है | BURST |
| BORE | है | XLKT |
| CLIME | है | YAPCT |

तब BISHOP को कूटबद्ध किया जा सकता है :

(1) XPBULS (2) XEPLST (3) XPALUE (4) XPBVLT

## PART-A

## SECTION-III : EDUCATIONAL AND GENERAL AWARENESS

Each question is followed by four alternative responses. Choose the best answer and write its serial number.

**31.** Gandhiji's 'Champaran Movement' was for :

(1) The security rights of Harijans

(2) Civil disobedience movement

(3) Maintaining the unity of Hindu Society

(4) Solving the problems of indigo workers

**32.** The Programme of Swadeshi and Boycot against the partition of Bangal was visualized by :

(1) Surendra Nath Banerjee (2) B.C.Pal

(3) Aurobindo Ghosh (4) Rash Behari Ghosh

**33.** Right to Education 2009 provides for :

(1) Free and Compulsory Elementary Education to all children up to the age of 14 years.

(2) Free and Compulsory Elementary Education to all children upto the age of 18 years

(3) Free and Compulsory Elementary Education to all children in the age group of 6-14 years

(4) Free and Compulsory Elementary Education to all children in the age group of 6 - 18 years

**34.** The soft smooth feel of the skin with "after shave lotion" is due to the presence of :

(1) Alcohol (2) Glycerol (3) Menthol (4) Perfume

**35.** The fourth dimension in Physics was introduced by :

(1) Isaac Newton (2) Albert Einstein (3) Galileo (4) Neil Bohr

**36.** Which of the following is rich in Carbohydrates, Proteins and Fats ?

(1) Rice grains (2) Soyabean seeds (3) Mango fruit (4) Cabbage leaves

**37.** The main purpose of Panchayat Raj is :

(1) to create employment

(2) to make people politically conscious

(3) to increase agriculture production

(4) to make people participate in developmental administration

**38.** The longest sea shore line is along the state of :

(1) Gujarat (2) Maharashtra (3) Orissa (4) Kerala

## भाग-अ

## खण्ड-III : शैक्षिक तथा सामान्य बोध

निम्नलिखित में प्रत्येक प्रश्न के बाद चार विकल्प दिए गए है, प्रत्येक में सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर को चुने।

31. गांधीजी द्वारा चलाया गया चम्पारण आन्दोलन किस के लिए था ?
    (1) हरिजनों के सुरक्षा अधिकार
    (2) सविनय अवज्ञा
    (3) हिंदु समाज की एकता कायम करने के लिए
    (4) इन्डिगो (नील) कर्मियों की समस्या के समाधान के लिए

32. स्वदेशी कार्यक्रम तथा बंगाल विभाजन का विरोध किस का विचार था ?
    (1) सुरेंद्र नाथ बैनर्जी (2) बी.सी. पाल
    (3) अरबिंदु घोष (4) रास बिहारी घोष

33. शिक्षा का अधिकार 2009 का उद्देश्य क्या है ?
    (1) मुफ्त तथा अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए
    (2) 18 वर्ष की आयु तक के सभी बालकों के लिए मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा
    (3) 6 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के सभी बालकों के लिए मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा
    (4) 6 - 18 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बालकों के लिए मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा

34. "आफ्टर शेव लोशन" लगाने के पश्चात् त्वचा पर आई नरम अनुभूति किस पदार्थ की उपस्थिति के कारण होती है ?
    (1) अल्कोहल (2) ग्लिसरॉल (3) मैंथाल (4) पर्फ्यूम

35. भौतिकी में चौथा आयाम निम्नलिखित में से किसने दिया ?
    (1) ईजाक न्यूटन (2) अल्बर्ट आइंस्टाइन (3) गैलिलियो (4) नील बोह्र

36. निम्नलिखित में से वह कौनसा है जिस में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन तथा वसा तीनों की बहुलता हो ?
    (1) चावल (2) सोयाबीन (3) आम का फल (4) बंद गोभी के पत्ते

37. पंचायत राज का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
    (1) नौकरियों का सृजन (2) व्यक्तियों में राजनैतिक चेतना का विकास
    (3) कृषि उत्पादन में वृद्धि (4) लोगों को विकासात्मक प्रबंधन के प्रेरित करना

38. सबसे लम्बा समुद्री किनारा किस राज्य के साथ है ?
    (1) गुजरात (2) महाराष्ट्र (3) उड़ीसा (4) केरल

39. In India, Diamonds are found at :

(1) Panna (M.P.) (2) Golconda (A.P.)

(3) Khetri (Rajasthan) (4) Mayurbhanj (Orissa)

40. The most malleable metal is :

(1) Platinum (2) Silver (3) Iron (4) Gold

41. Soda water contains :

(1) Carbonic Acid (2) Sulphuric Acid

(3) Nitric Acid (4) Carboxylic Acid

42. Who said, "The Principles (Directive Principles) should be made the basis of all the future legislation"?

(1) Pt. Nehru (2) Dr. B.R. Ambedkar

(3) Dr. B.N. Rao (4) Dr. Zakir Hussain

43. Indian National Congress was born during the Governor Generalship of :

(1) Lord Ripon (2) Lord William Bantik

(3) Lord Dufferin (4) Lord Curzon

44. Chanakya was also known as :

(1) Bhattasvamin (2) Vishnu Gupta

(3) Rajasekhara (4) Visakhaduta

45. Which one of the following is **NOT** an astronomical object ?

(1) Pulsar (2) Brittle star (3) Black hole (4) Quasar

46. Who among the following Gurus introduced the Gurumukhi script for the spoken language of Punjabis ?

(1) Guru Nanak (2) Guru Angad (3) Guru Amardas (4) Guru Ramdas

47. Mudaliar Commission had focussed on :

(1) Elementary Education (2) Secondary Education

(3) Higher Secondary Education (4) Higher Education

39. भारत में हीरे कहाँ मिलते हैं ?

(1) पन्ना (म.प्र.)  (2) गोलकोंडा (आंध्र प्रदेश)

(3) खेतड़ी (राजस्थान)  (4) मयुरभंज (उड़ीसा)

40. निम्नलिखित में से कौनसी धातु सर्वाधिक अघातवर्ध्य है ?

(1) प्लैटिनम  (2) चांदी  (3) लोह  (4) सोना

41. सोडा वाटर में क्या होता है ?

(1) कार्बनिक अम्ल  (2) गंधक का अम्ल  (3) नाइट्रिक अम्ल  (4) कार्बोक्सिलिक अम्ल

42. यह किस का कथन है कि निर्देशक सिद्धांतों को सभी भविष्य में होने वाले विधि निर्माण का आधार बनाया जाना चाहिए ?

(1) पं. नेहरू  (2) डा. बी.आर.अम्बेडकर

(3) डा. बी.एन. राव  (4) डा. जाकिर हुसेन

43. जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बनाई गई उस समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था ?

(1) लार्ड रिपन  (2) लार्ड विलियम बैंटिक

(3) लार्ड डफ्रिन  (4) लार्ड कर्जन

44. चाणक्य का दूसरा नाम क्या था ?

(1) भटस्वामी  (2) विष्णुगुप्त  (3) राजशेखर  (4) विशाखादत्ता

45. निम्नलिखित में से कौनसा एक खगोलीय पिंड **नहीं** है ?

(1) पल्सर  (2) ब्रिटल स्टार  (3) ब्लैक होल  (4) क्वासर

46. पंजाबियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को गुरुमुखी लिपि किस गुरु ने दी ?

(1) गुरु नानक  (2) गुरु अंगद  (3) गुरु अमरदास  (4) गुरु रामदास

47. मुदालियर आयोग का फोकस किस पर था ?

(1) प्रारंभिक शिक्षा  (2) माध्यमिक शिक्षा

(3) उच्चतर माध्यमिक शिक्षा  (4) उच्च शिक्षा

48. Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan (RMSA) is :
(1) a programme run by NGOs and supported by the government.
(2) a programme sponsored by donor agencies from abroad.
(3) a programme run on "no profit no loss" basis.
(4) a programme of the Government of India for Universalization of Secondary Education.

49. A committee in the post independence era that looked into various aspects of vocational education was headed by :
(1) Ishwar Bhai Patel (2) Triguna Sen
(3) Malcom Adisheshaiyah (4) M.C. Chhagla

50. The concept of Neighbourhood schools was given by :
(1) Radhakrishnan Commission (2) Mudaliar Commission
(3) Kothari Commission (4) All the above

51. Basic Education was conceptualized by :
(1) Dr. Rajendra Prasad (2) Dr. Zakir Hussain
(3) Mahatma Gandhi (4) Rabindra Nath Tagore

52. The World Conference on Education For All (EFA) was held on Jomtien (Thailand) in the year :
(1) 1986 (2) 1990 (3) 1992 (4) 2000

53. District Institutes of Education and Training came into existence owing to :
(1) Recommendations of Kothari Commission.
(2) Recommendations of the NCERT.
(3) Recommendations of National Policy on Education (1986).
(4) Recommendations of RamaMurthy Committee.

54. Quality of school education can be improved by :
(1) providing more trained teachers.
(2) improving text books.
(3) improving classroom processes.
(4) All of the above.

55. Education for values cannot be imparted formally because :
(1) values are disputable (2) there is dearth of teachers
(3) these are acquired by grown ups (4) these are caught and not taught

48. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान :

(1) एक ऐसा कार्यक्रम है जो गैर-सरकारी संगठन चलाते हैं पर जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है।

(2) ऐसा कार्यक्रम है जो विदेशी एजेंसियों के दान से चलता है।

(3) ऐसा कार्यक्रम है जो बिना लाभ-बिना हानि के आधार पर चलाया जाता है।

(4) भारत सरकार का कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा का सार्व भौमिकरण है।

49. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात बनी उस समिति जिस ने व्यावसायिक शिक्षा कि विभिन्न पहलुओं को जांचा परखा, का अध्यक्ष कौन था ?

(1) ईश्वरभाई पटेल (2) त्रिगुण सेन

(3) मल्कॉम आदिशेसैया (4) एम.सी. छागला

50. पड़ोस विद्यालय (Neighbourhood school) की अवधारणा किसने दी ?

(1) राधाकृष्ण आयोग (2) मुदालियर आयोग (3) कोठारी आयोग (4) उपर्युक्त सभी

51. बेसिक शिक्षा का जन्मदाता कौन था ?

(1) डा. राजेंद्र प्रसाद (2) डा. जाकिर हुसैन (3) महात्मा गांधी (4) रविंद्रनाथ टैगोर

52. सर्व शिक्षा के लिए विश्व सम्मेलन जो थाईलैंड (जोमेतिन) में हुआ था, किस वर्ष में हुआ ?

(1) 1986 (2) 1990 (3) 1992 (4) 2000

53. डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग किस की अनुशंसाओं के आधार पर अस्तित्व में आए ?

(1) कोठारी आयोग (2) एन.सी.ई.आर.टी.

(3) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) (4) राममूर्ति समिति

54. विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता कैसी बढ़ाई जा सकती है ?

(1) अधिक प्रशिक्षित अध्यापक प्रदान करके (2) पाठ्यपुस्तकों में सुधार लाकर

(3) कक्षा की प्रक्रियाओं में सुधार लाकर (4) उपर्युक्त सभी

55. मूल्यों के लिए शिक्षा औपचारिक रूप से नहीं दी जा सकती क्योंकि :

(1) मूल्य विवादास्पद होते हैं।

(2) अध्यापकों की कमी है।

(3) इन्हें केवल वयस्क ही प्राप्त कर सकते हैं।

(4) मूल्यों का अध्यापन नहीं किया जा सकता, ये तो स्वयं ग्रहण किए जाते हैं।

## PART-A

## SECTION-IV : TEACHING-LEARNING AND SCHOOL

56. A school curriculum can best be defined as :
    (1) sum total of knowledge to be provided to learners
    (2) the sum total of organised pupil experiences under the patronage of the school
    (3) the complete array of the courses of study
    (4) all the materials used to further pupil's activities

57. The chief objective of organising work experiences in school is ______.
    (1) preparing youths for future vocations
    (2) establishing relationship between school and workplace
    (3) providing free time to teachers after engaging students
    (4) co-ordinated development of learners besides cognitive development

58. Who should select the Instructional Materials ?
    (1) The teacher
    (2) Head of the Department
    (3) Principal of the institute
    (4) A committee of experts

59. Why should classroom furniture be movable ?
    (1) it is easier to maintain
    (2) it helps maintain discipline
    (3) it suits to the different instructional needs
    (4) it is economical in cost

60. What should be the primary function of a school as an agent of society ?
    (1) To maintain social norms.
    (2) To prepare the child for social life.
    (3) To provide students understanding of their environment.
    (4) To develop vocational competence among students.

61. What should be the main goal of the school learning process ?
    (1) Development of potentialities of the learner
    (2) Assimilation of knowledge
    (3) Development of learners in both cognitive and non-cognitive areas
    (4) Development of values and attitudes

## भाग-अ

## खण्ड-IV : अध्यापन-अधिगम एवं विद्यालय

56. एक विद्यालयी पाठ्यचर्या की सर्वोत्तम परिभाषा है :
    (1) बच्चों को प्रदान किया जाने वाला समग्र ज्ञान
    (2) विद्यालय के संरक्षण में विद्यार्थियों को व्यवस्थित अनुभूतियों का योग
    (3) पाठ्यक्रमों की पूर्ण सूची
    (4) बच्चों के क्रिया कलाप को बढ़ाने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली समग्र सामग्री

57. विद्यालयों में कार्यानुभव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य :
    (1) युवकों को भविष्य के काम-काज के लिए तैयार करना है।
    (2) कार्य-स्थल तथा विद्यालयों में सम्बंध स्थापित करना है।
    (3) कक्षा पढ़ाने के पश्चात् अध्यापकों को कुछ खाली समय देना है।
    (4) संज्ञानात्मक विकास के साथ-साथ अध्येताओं का समनवित विकास करना है।

58. शैक्षणिक सामग्री का चयन किसे करना चाहिए ?
    (1) अध्यापक को
    (2) विभागाध्यक्ष को
    (3) संस्थान के प्राचार्य को
    (4) विशेषज्ञों की एक समिति को

59. कक्षा का फर्नीचर चल (मूवेबल) होना चाहिए।
    (1) इसका रखरखाव करना सुगम होगा।
    (2) इससे अनुशासन कायम रखने में सहायता मिलती है।
    (3) यह विभिन्न शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त होता है।
    (4) इस पर खर्चा कम आता है।

60. समाज के एजेंट के रूप में विद्यालय का मुख्य कार्य क्या होना चाहिए ?
    (1) सामाजिक मानकों को कायम रखना
    (2) बच्चे को सामाजिक जीवन के लिए तैयार करना
    (3) विद्यार्थियों में उनके पर्यावरण के प्रति बोध प्रदान करना
    (4) विद्यार्थियों में व्यावसायिक योग्यता का विकास करना

61. विद्यालयी अधिगम प्रक्रिया का मुख्य ध्येय क्या होना चाहिए ?
    (1) अध्येताओं की क्षमताओं का विकास करना
    (2) ज्ञान का समावेश करना
    (3) संज्ञानात्मक तथा गैर-संज्ञानात्मक क्षेत्रों में अध्येताओं का विकास करना
    (4) मूल्यों तथा अभिवृत्तियों का विकास करना

62. A teacher should be well versed with the theories of learning because :

(1) it helps the teacher to know the needs of the learners

(2) it helps the teacher to understand the attitudes and interests of the learners

(3) it helps the teacher to know the ways different students learn

(4) it ensures discipline in the classroom

63. What should be the basic determinant of a good discussion in a class ?

(1) Skills of the teacher

(2) Knowledge of the teacher and students

(3) The unity of purpose and interest of the class

(4) Mastery over the topic

64. Which one of the following can not be related to identity need of adolescents ?

(1) Need to get higher achievement

(2) Need to be recognised

(3) Need to belong

(4) None of the above

65. 'MLL' is basically an approach which assumes :

(1) all students can learn a task

(2) every learning task can't be learnt

(3) objectives can be achieved if defined well

(4) none of the above

66. The modern concept of Education is based on the belief that :

(1) it rely only on concrete experiences as the medium.

(2) child should adapt to the needs and goals of the society.

(3) education should synchronize with child's motives, needs and interests.

(4) academic competence should play a supreme role.

67. Probably the greatest satisfaction in teaching is :

(1) a feeling of love for and by children

(2) a sense of service to mankind

(3) a secured monetary gain

(4) a sense of contribution to pupils growth

62. एक अध्यापक के लिए अनिवार्य है कि उसे अधिगम सिद्धांतों का भली भांति ज्ञान हो, क्यों कि :

(1) इससे अध्यापक को अध्येताओं की आवश्यकताओं को जानने में सहायता मिलती है।

(2) इससे अध्यापकों को अध्येताओं की अभिवृत्तियों तथा अभिरुचियों को समझने में सहायता मिलती है।

(3) इससे अध्यापकों को यह जानने में सहायता मिलती है कि अध्येता किन-किन रूपों में सीख सकते हैं।

(4) इससे कक्षा अनुशासन सुनिश्चित होता है।

63. कक्षा में एक अच्छी चर्चा का मूल द्योतक (निर्धारक) क्या होना चाहिए ?

(1) अध्यापक के कौशल

(2) अध्यापक और विद्यार्थियों के ज्ञान का स्तर

(3) कक्षा के प्रयोजन और अभिरुचि की एकता

(4) विषय की प्रवीणता

64. किशोरों की स्व: पहचान से निम्नलिखित में से कौनसा संबंधित नहीं हो सकता ?

(1) उच्च उपलब्धि की आवश्यकता (2) पहचाने जाने की आवश्यकता

(3) सम्बंधित होने की आवश्यकता (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. MLL (न्यूनतम अधिगम स्तर) मूल रूप से एक ऐसा उपागम है जिसकी मान्यता है कि :

(1) किसी कार्य को सभी विद्यार्थी सीख सकते हैं।

(2) सभी अधिगम कार्य सीखे नहीं जा सकते हैं।

